प्रेस विज्ञप्ति 12.09.2023

उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण यूपीनेडा द्वारा दिनांक 12 सितम्बर 2023 को होटल रेनेसॉ, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ में पैट (पर्फाम, ऐचीव एवं ट्रेड) प्रवर्तन (एनफोर्समेन्ट) एवं एसर्टस ट्रेडिंग पर क्षेत्रीय कार्यशाला (रीजनल वर्कशाप) का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला को उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त लद्दाख, पंजाब, चंडीगढ, हरियाणा, उत्तराखण्ड एवं राजस्थान की राज्य नामित संस्थायें (स्टेट डेजिगनेटेड एजेंसी) तथा डेजिगनेटेड कन्जयूमर्स एवं चीनी उद्योगों द्वारा प्रतिभाग किया गया। श्री गौरव शुक्ला जी सचिव यूपीनेडा द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। सभी प्रतिभागियो का स्वागत करते हुए सचिव यूपीनेडा ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण के उपायों को अपने दैनिक जीवन में उपयोग में लाने की आवश्यकता है। उन्होने बताया कि इस कार्यशाला में पैट कार्यक्रम के इनफोर्समेंन्ट एवं एसर्टस ट्रेडिंग आदि के साथ–साथ नए सेक्टर के रूप में प्रस्तावित शुगर सेक्टर पर भी चर्चा की जाएगी। श्री आशीष रंजन श्रीवास्तव सीनियर सेक्टर एक्सपर्ट बीईई, भारत सरकार ने अपना मुख्य उद्‌बोधन प्रस्तुत किया और अवगत कराया कि अब चीनी उद्योगों को पैट योजना मे शामिल किया जा रहा है इसलिए आज के कार्यक्रम में चीनी उद्योगों के प्रतिभागियों को आंमंत्रित किया गया है। साथ ही पैट योजना के अर्न्तगत शामिल कुल 13 सेक्टर के विभिन्न प्रदेशो के डेजिगनेटेड कन्जयूमर्स के प्रतिभागियों को भी आंमंत्रित किया गया है जिससे उन्हें पैट योजना एवं विभिन्न प्रोफार्मा के बारे में अवगत कराया जा सके।

इसके अतिरिक्त ब्यूरो ऑफ इनर्जी इफिशिएन्सी (बीईई) के श्री अमरमणि पाण्डेय एवं श्री विशाल मेहता द्वारा पैट स्कीम, पैट प्रवर्तन, एसर्टस ट्रेडिंग एवं श्री आशीष रंजन श्रीवास्तव ने शुगर उद्योगों में पैट स्कीम के प्रफोर्मा पर विस्तार से चर्चा कर प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। श्री रामकुमार वरि.परि.अधिकारी, इंचार्ज यूपीएसडीए ने निदेशक यूपीनेडा, सचिव यूपीनेडा, विभिन्न राज्यों से आए एसडीए के प्रतिनिधियों, बीईई के अधिकारीगण एवं सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।